

विधिक कैंप | लीगल आउटरीच एंड अवेयरनेस कैम्प का किया गया आयोजन

## समाज के प्रत्येक वर्ग को न्याय प्राप्त हो : न्यायाधीश रूसिया




**जबलपुर, नवभारत।** शुक्रवार को प्रशासनिक न्यायाधिपति एवं कार्यपालक अध्यक्ष मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर न्यायमूर्ति विवेक रूसिया की गरिमामय उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में नालसा के विधिक सेवा कैम्प माड्यूल के अनुसार मेगा आउटरीट एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन शहर के मानस भवन में आयोजित हुआ। इस दौरान न्यायामूर्ति विवेक रूसिया, प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर कृष्णमूर्ति मिश्र, सदस्य सचिव राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण सुमन श्रीवास्तव, जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर राधवेन्द्र सिंह, कमिश्नर नगर निगम आर. पी. अहिरवार, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनीष मिश्रा, न्यायिक अधिकारी, मध्यस्थगण शासन प्रशासन और विधि एवं शिक्षा जगत के फैकल्टी एवं छात्र तथा लाभार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन एवं मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण से हुआ। अतिथियों के स्वागत के पश्चात् लाभार्थियों को संबोधित किया।

### कम्युनिटी मीडिएशन पर डाला गया प्रकाश

मुख्य अतिथि प्रशासनिक न्यायाधिपति एवं कार्यपालक अध्यक्ष ने शिविर पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मीडिएशन की विधा विशेष रूप से कम्यूनिटी मीडिएशन द्वारा विवादों के प्राथमिक स्तर पर ही समाप्त हो जाने से स्वस्थ्य एवं विवाद रहित समाज के निर्माण में प्रगति हो रही है। इन्दौर में कम्यूनिटी मीडिएशन द्वारा विवादों के समाधान का तथा हाल ही में नगर निगम के सेवा निवृत अधिकारी कर्मचारी के कम्यूनिटी मीडिएशन प्रशिक्षण का जिक्र करते हुए उन्होंने कम्यूनिटी मीडिएशन के संबंध में प्रकाश डाला तथा विधिक सेवा संस्थानों के मूल उद्देश्यों की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग को न्याय प्राप्त हो तथा शासन प्रशासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाकर लोग जीवन में उन्नति प्रगति कर सके यही इन विधिक सेवा संस्थानों का मूल कार्य है। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्कृष्णमूर्ति मिश्र ने कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उसके महत्व पर संबोधित करत हुए कहा कि विधिक सेवा संस्थानों का कार्य केवल विधिक सेवा एवं सहायता प्रदान करने तक सीमित नहीं है शासन के विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित कर लोगों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना तथा तालुका स्तर से सर्वोच्च न्यायलय तक सभी की न्याय तक पहुंच सुलभ एवं सुनिश्चित करना भी विधिक संस्थानों के कार्य में सम्मिलित है।

### करना है समन्वय स्थापित

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को विधिक रूप से जागरूक करने के साथ नालसा एवं सालसा द्वारा संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन एवं पात्र हितग्राहियों को शासन के विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित कर लाभ दिलाना था। न्याय सबके लिए अवधारणा धरातल पर चरितार्थ हो इस संदेश के साथ मेगा आउटरीच एवं अवेयरनेस कैम्प का सफल संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर की सचिव शक्ति वर्मा द्वारा किया गया। म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की सदस्य सचिव सुमन श्रीवास्तव ने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से विधिक सेवा के कार्य को बताया तथा सभा को संबोधित करते हुए कहा कि विधिक जागरूकता एवं सहायता द्वारा समाज में लोगों को विशेष रूप से शोषित, वंचित एवं कानूनी ज्ञान से अनभिज्ञ लोगो कैसे सशक्त बनाया जा सकता है।



## अग्निकांड के बाद अलर्ट मोड में हुआ ननि

### सुरक्षा के मददेनजर गुरंदी में जांच, मिलीं अनियमित्ताएं

**जबलपुर।** गुंरदी में हुए अग्निकांड के बाद नगर निगम अलर्ट मोड में आ गया है। शहर की सुरक्षा और व्यवस्थित बाजार संचालन को लेकर नगर निगम ने शनिवार को गुरन्दी क्षेत्र में एक व्यापक जांच और समझाइश अभियान चलाया गया।

निरीक्षण के दौरान निगम स्वामित्व की कई दुकानों में अनियमितताएं भी पाई गईं। जांच में यह सामने आया कि कई दुकानदारों ने निर्धारित समय सीमा के भीतर अनुबंध पत्र निष्पादित नहीं किए हैं। अनुबंध न होने की स्थिति में अब दुकानदारों से लगभग 300 रुपये के आसपास के हिसाब से एरियर की राशि वसूल की जाएगी।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जो दुकानदार नियमों का पालन करने में कोताही बरतेंगे या अनुबंध प्रक्रिया को पूरा नहीं करेंगे, उनके दुकान आवंटन को निरस्त करने की वैधानिक कार्रवाई की जा सकती है।

कारवाई के संबंध में बताया कि बाजार विभाग की इस कार्यवाही का मुख्य उद्देश्य व्यापारियों को सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूक करना और निगम की संपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता लाना है। बाजार अधीक्षक एवं नोडल अधिकारी राजेन्द्र कुमार दुबे और उनकी टीम ने विशेष रूप से उन दुकानों का निरीक्षण किया जहाँ ज्वलनशील सामग्री का व्यापार होता है। दल ने व्यापारियों को स्पष्ट हिदायत दी कि जनहानि और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करना अनिवार्य है। व्यापारियों को अग्नि शमन यंत्रों और अन्य एहतियाती उपायों को लेकर विस्तार से समझाइश दी गई।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

### झिरी पिपरिया मार्ग पर मिला लहूलुहान शव

**नवभारत, जबलपुर।** तिलवारा थाना अंतर्गत झिरी पिपरिया मार्ग पर एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बहन के घर से लौट रहे बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई और उसकी बाइक के परखच्चे उड़ गए।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम झिरी पिपरिया निवासी धनराज ठाकुर पिता रामस्वरूप ठाकुर 29 वर्ष बहन के घर ग्राम ढगोरखपुर थाना बरगी जबारे देखने गया था। वे अपने परिचित सुखचैन की मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 20 एम क्यू 6369 लेकर परिजनों से खेत जाने की बात कहकर निकला था। झिरी रोड पर अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी और मौके पर उसकी सांसें थम गई। सूचना पर जब परिजन आनन-फानन में झिरी रोड पहुंचे, तो वहां का मंजर देख सबकी रूह कांप गई। धनराज का शव सड़क पर लहूलुहान हालत में पड़ा था और पास ही क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल गिरी हुई थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। शुरुआती जांच में यह बात सामने आई कि अज्ञात भारी वाहन चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक को टक्कर मारी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया गया है साथ ही टक्कर मारने वाले चालक की पतासाजी की जा रही है।

**बाइकों में भिड़ंत, दो घायल**

बरेला नीमखेडा मोड के आगे समाधि रोड पर शनिवार दोपहर बाइकों में भिड़ंत हो गई जिसमें दो लोग घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक शनिवार को ब्रज गोपाल

## एयर गन से फायर किशोर को लगा छर्रा

**नवभारत, जबलपुर।** चरगवां थाना अंतर्गत नहर पुलिया के पास शनिवार दोपहर चिडिया मार रहे युवक ने किशोर पर एयर गन से फायर कर दिया। छर्रा किशोर के हाथ में लग गया। घायल को परिजन आनन-फानन में इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। वहीं पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपित के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस के मुताबिक शनिवार को महुआबारा जुगपुरा चरगवॉ निवासी आकाश पटेल पिता अरविंद पटेल (15) शनिवार दोपहर 3-30 बजे नहर पुलिया के पास खडा था जहॉ आनंद पटेल चिडिया को एयर गन से मार रहा था तभी आकाश उसके पास गया और आनंद की बंदूक पकड़ी तो आनंद उससे विवाद करने लगा और कहने लगा कि कि तूने मेरी बंदूक क्यो पकडी और बंदूक से फायर कर दिया। छर्रा आकाश की दाहिनी हाथ की अंगूली में लग गया। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## किशोर की सरेराह चाकू मारकर हत्या, युवक गंभीर

### त्रिकोणीय प्रेम प्रसंग में वारदात



**नवभारत, जबलपुर।** गढ़ा थाना अंतर्गत मदन महल चौक में त्रिकोणीय प्रेम प्रसंग के चलते बदमाशों ने 16 वर्षीय किशोर की चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला कर हत्या कर दी गई। चाकूबाजी में युवक भी घायल हुआ जिसे गंभीर अस्पताल में उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी भी हालत नाजुक बताई जा रही है। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित मौके से फरार हो गए थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौका-ए-वारदात पर पहुंची और हत्या का प्रकरण दर्ज कर तीन आरोपियों को हिरासत में ले लिया है जिनसे पूछताछ की जा रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ऋषभ राजपूत (16), निवासी सिद्धबाबा, लाल माटी घमापुर का अपनी बाइक से अपने दोस्त रितिक, अंकित के साथ छोटी लाइन से मेडिकल की ओर जा रहा था। जैसे ही वह मदनमहल क्षेत्र स्थित शुभम अस्पताल के पास पहुँचा, पहले से घात लगाए यशराज पटेल अपने दोस्त हर्ष, अंशु कोली, युवराज अपने अन्य दोस्तों के साथ बैठा था। हमलावरों ने बाइक सवार ऋषभ को रोक लिया। इससे पहले कि ऋषभ कुछ समझ पाता, बदमाशों ने उस पर चाकुओं से हमला कर दिया। हमलावरों ने उसके सीने और पेट पर कई वार किए, जिससे वह लहूलुहान हो गया। बीच बचाव कर के दौरान उसके दोस्त रितिक पर भी चाकुओं से हमला किया। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस, एफएसएल टीम मौके पर पहुंच गई और छानबीन करते हुए हत्या का प्रकरण दर्ज कर तीन आरोपित हर्ष अंशु, यशराज, युवराज को गिरफ्तार कर लिया है।

### खून से लथपथ ऋषभ जान बचाने दौड़ा, अस्पताल में तोड़ा दम

बताया जाता है कि हमलावरों ने ऋषभ पर ताबड़तोड़ कई वार किए गंभीर रूप से घायल युवक जान बचाकर खून से लथपथ अवस्था में दौड़ा लेकिन गंभीर चोटों के कारण वे भाग नहीं पाया और सड़क पर गिरकर बेहोश हो गया था। स्थानीय लोगों की मदद से घायल ऋषभ को तुरंत पास के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। घाव गहरे होने और अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उसकी हालत नाजुक बनी हुई थी, जिसे देखते हुए डॉक्टर ने उसे नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहाँ उपचार के दौरान ऋषभ ने दम तोड़ दिया। रितिक का इलाज जारी है जिसकी भी हालत नाजुक बताई जा रही है।

### युवती ने बनाई दूरी, रास्ते से हटाने रची साजिश

पुलिस की अब तक की जांच में हत्या की वजह प्रेम प्रसंग निकलकर सामने आई है। बताया जा रहा है कि आरोपी यश राज पटेल की एक युवती से गहरी दोस्ती थी। कुछ समय पहले युवती ने यशराज से दूरी बना ली थी इस बीच यश जेल भी गया था इस दौरान युवत की नजदीकियां ऋषभ से बढ़ गई थीं। जेल से आने के बाद यश ने युवती को ऋषभ से दूर रहने की समझाइश दी थी इस बाद उसने ऋषभ को बता दी इसके बाद से दोनों के बीच विवाद भी हुआ। इसी बात से आक्रोशित होकर यश राज ने अपने साथियों के साथ मिलकर ऋषभ को रास्ते से हटाने की साजिश रची और इस खौफनाक वारदात को अंजाम दिया।

## एक आईएसबीएन नंबर पर अलग-अलग कीमतों में बिक रहीं किताबें

### चुनिंदा बुक सेलर को फायदा पहुंचाने के लगे आरोप



**नवभारत, जबलपुर।** शहर के कई प्रतिष्ठित विद्यालयों में पुस्तकों के नाम पर कथित सिंडिकेट और एकाधिकार का मामला सामने आया है। पेरेंट्स एसोसिएशन ने जिला कलेक्टर को विस्तृत शिकायत सौंपते हुए इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग की है। शिकायत के अनुसार, पुस्तकों की सप्लाई केवल एक विशेष बुक सेलर तक सीमित कर दी गई है, जिससे अन्य विक्रेताओं को जानबूझकर स्टॉक नहीं दिया जा रहा। साथ ही, एक ही आईएसबीएन नंबर पर अलग-अलग कीमतों में किताबें बेचे जाने का भी आरोप है, जो गंभीर अनियमितता को दर्शाता है। अभिभावकों का कहना है कि कई स्कूल बुक लिस्ट को वेबसाइट या नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित नहीं कर रहे हैं। इसके अलावा, एनसीईआरटी या कम कीमत वाली पुस्तकों को अपनाने के बजाय महंगी किताबें लागू की जा रही हैं, जिससे अभिभावकों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है।

### पूर्व सूचना के ड्रेस में बदलाव

शिकायत में यह भी कहा गया है कि कुछ स्कूल बिना पूर्व सूचना के ड्रेस में बदलाव कर रहे हैं। इससे अभिभावकों को हर साल अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ रहा है, जिसे शिक्षा के व्यवसायीकरण के रूप में देखा जा रहा है।

### जांच और कार्रवाई की मांग

पेरेंट्स एसोसिएशन ने प्रशासन से प्रकाशकों और बुक सेलर के बीच हुए एग्रीमेंट की जांच, आईएसबीएन और कीमत में अंतर की पड़ताल तथा संबंधित अधिकारियों की भूमिका की जांच की मांग की है। साथ ही दोषियों पर एफआईआर दर्ज करने, उन्हें ब्लैकलिस्ट करने और स्कूलों की मान्यता रद्द करने की भी अपील की गई है।

### इन स्कूलों और प्रकाशकों की शिकायत

शिकायत में जिन विद्यालयों का उल्लेख किया गया है, उनमें क्राइस्ट चर्च गर्ल्स स्कूल, न्यू क्राइस्ट चर्च गर्ल्स स्कूल (विजय नगर), क्राइस्ट चर्च बॉयज स्कूल, सेंट जोसेफ कॉन्वेंट सेकेंडरी स्कूल (टीएफआरआई एवं सदर), सेंट गेब्रियल (रांझी), मार्थोमा ग्राम ज्योति (सिहोरा), स्मॉल वंडर, अशोका हॉल, जॉय सीनियर सेकेंडरी, सेंट नॉर्बर्ट (नेपियर टाउन), एमजीएम स्कूल (हाथीताल) और होली क्रॉस (रांझी) शामिल हैं। इसके साथ ही कुछ प्रमुख प्रकाशकों पर भी मिलीभगत के आरोप लगाए हैं। इनमें जूम पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, आवर्तन, रत्ना सागर, स्काई बुक्स, चेतना पब्लिकेशन, वर्ल्ड क्लास पब्लिकेशन, स्कॉलास्टिक पब्लिकेशन, रोहन पब्लिकेशन, कॉलिन्स पब्लिकेशन, ड्रीमलाइन पब्लिकेशन, ब्रेन रूट पब्लिकेशन, स्किल लर्निंग, अक्नॉलेज बुक्स और देव सिद्धि पब्लिकेशन के नाम शामिल हैं।

## उप मुख्यमंत्री देवड़ा का आगमन आज



**नवभारत, जबलपुर।** उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का आज रविवार को सुबह 5.35 बजे इंदौर-जबलपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन द्वारा भोपाल से जबलपुर आगमन होगा तथा वे स्टेशन से सीधे सर्किट हाउस पहुंचेंगे। श्री देवड़ा सुबह 11 बजे स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। उप मुख्यमंत्री देवड़ा दोपहर 12 बजे जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा दोपहर 1 बजे से रात्रि 11 बजे तक का समय स्थानीय कार्यक्रमों के लिए आरक्षित रहेगा। उप मुख्यमंत्री देवड़ा रात्रि 11.30 बजे रेल द्वारा जबलपुर से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

## पेट्रोल मांगने के बहाने रोका, झाड़ियों में ले जाकर लूटा

### रिकवरी एजेंट से नगदी और लैपटॉप छीनकर भागे लुटेरे



**नवभारत, जबलपुर।** कटंगी थाना क्षेत्र में बेखौफ बदमाशों ने राइट टाउन स्थित टीवीएस एजेंसी के एक फील्ड एग्जीक्यूटिव को झांसा देकर पांच बदमाशों ने पेट्रोल मांगने के बहाने रोका और घेरकर उसके साथ मारपीट करते हुए लैपटॉप, कीमती दस्तावेज और करीब 28 हजार रुपये नकद लूटकर फरार हो गए।

जानकारी अनुसार दमोह के ग्राम समन्ना निवासी हेमंत पटेल (31) जबलपुर की टीवीएस एजेंसी में फील्ड एग्जीक्यूटिव के पद पर कार्यरत है। वे हेमंत ग्राम झगरा में राजेंद्र नरवद के घर बाइक की किश्त लेने गया था। जब वह वहां पहुंचा, तो घर के बाहर कुछ संदिग्ध युवक पहले से ही खड़े थे और हेमंत पर नजर रख रहे थे। किश्त की बात होने के बाद जब हेमंत अपनी मोटरसाइकिल से वापस चौदह मील की ओर निकलने लगा, तो उन युवकों ने उसका पीछा करना शुरू कर दिया।

### सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

घटना के तुरंत बाद पीड़ित ने एजेंसी मालिक शशांक मिश्रा को सूचना दी और कटंगी थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस संदिग्धों के हुलिए के आधार पर और गांव के रास्तों पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर लुटेरों की तलाश कर रही है।

### मम्मी बीमार है, थोड़ा पेट्रोल दे दो, मदद के बहाने बुना जाल

झगरा गांव से करीब एक किलोमीटर दूर कटंगी रोड पर पीछा कर रहे तीन लड़कों ने हेमंत को आवाज देकर रोका। बदमाशों ने भावुक कार्ड खेलते हुए कहा, भाई, हमारी मम्मी की तबीयत बहुत खराब है, अर्जेंट अस्पताल जाना है, थोड़ा पेट्रोल दे दो। हेमंत ने जब अपनी बीएस-6 गाड़ी का हवाला देते हुए पेट्रोल निकालने से मना किया, तो बदमाशों ने उसे उलझाए रखा। इसी बीच पीछे से दूसरी बाइक पर दो और युवक आ धमके। पांचों बदमाशों ने मिलकर हेमंत को जबरन पकड़ा और सड़क किनारे झाड़ियों की ओर खींच ले गए। विरोध करने पर बदमाशों ने उसके साथ झूमाझपटी और मारपीट की। लुटेरे हेमंत का पिट्ठू बैग और जेब में रखा पर्स छीनकर ग्राम बोरिया की तरफ भाग निकले। लुटेरे पर्स में रखे नगदी किश्त वसूली के 27,800 रुपये, एचपी कंपनी का लैपटॉप और चार्जर, एजेंसी का महत्वपूर्ण वसूली रजिस्टर ले गए।

## ऑटो चालक की ईमानदारी से मिला खोया हुआ बैग



**जबलपुर, नवभारत।** ऑटो चालक की ईमानदारी से एक सिख व्यक्ति का रुपयों से भरा खोया हुआ बैग जीआरपी थाने के जरिए मिल सका। 13 मार्च को जब ऑटो चालक संजय गुप्ता ने जीआरपी थाने में एक बेग लाकर जमा किया बैग खोल कर देखने पर उसमें पगड़ी, सिख धर्म की पुस्तक एवं 57,330 रुपए नगद रखे थे। गुरजीत कौर ने तलाश की तो जानकारी मिली कि उक्त व्यक्ति नांदेड़ गए हुए हैं जो 27 मार्च को थाने में उपस्थित हुए जिनका नाम अमरजीत सिंह पिता स्व स्वर्ण सिंह होशियारपुर पंजाब बताया गया, जिनसे बैग ऑटो में छूट गया था जिसमे उनके पेंशन के 57,330 रुपये एवं अन्य सामान था जो बाकायदा सुपुर्द किया गया।

### चलती ट्रेन से गिरा यात्री

शनिवार को आरपीएफ को मिली सूचना के अनुसार एक यात्री चलते ट्रेन से गिरकर घायल हो गया। जिसे आरपीएफ द्वारा अस्पताल भेजकर उपचार कराया गया। जानकारी के अनुसार ट्रेन क्र 11401 से यात्रा कर रहे श्याम सुंदर 25 वर्ष निवासी देवरिया उत्तर प्रदेश जबलपुर के करीब चलती ट्रेन से गिर गया। बताया जाता है कि वह पुणे से पंडित दीनदयाल उपाध्याय तक की यात्रा कर रहा था।



## जांच के दौरान संदिग्ध यात्री से मादक पदार्थ बरामद

**जबलपुर, नवभारत।** गत दिवस शुक्रवार 27 मार्च को गाड़ी संख्या 12296 में टिकट जांच के दौरान स/7 कोच में एक यात्री बिना टिकट यात्री पाया गया। टिकट जांच के दौरान सीटीआई पिपरिया मनोज नागोत्रा एवं डीसीटीआई पिपरिया रीतेश गोस्वामी सहित अन्य टिकट चेकिंग स्टाफ द्वारा पूछताछ की गई, जिसमें उक्त यात्री के पास जुर्माना राशि जमा करने हेतु पर्याप्त धनराशि उपलब्ध नहीं थी। जांच के दौरान यात्री के पास मौजूद एक बैग की तलाशी ली गई, जिसमें पॉलिथीन में लिपटा हुआ संदिग्ध पदार्थ पाया गया। संदेह होने पर उक्त यात्री को पिपरिया स्टेशन पर जीआरपी को सुपुर्द किया गया। जीआरपी द्वारा विस्तृत जांच करने पर यात्री के पास लगभग 2 किलोग्राम मादक पदार्थ (गांजा) बरामद हुआ।

निरीक्षण | पदाधिकारियों और प्रगणकों से संवाद कर कलेक्टर और निगमायुक्त ने परखी व्यवस्थाएं

## सटीक डेटा ही बेहतर भविष्य की योजनाओं का आधार होता है



**जबलपुर।** जनगणना एक राष्ट्रव्यापी महत्वपूर्ण कार्य है, जिसमें सटीकता और संवेदनशीलता अनिवार्य है। यह बातें कलेक्टर ने प्रशिक्षुओं से उनके सीखने के अनुभव पर चर्चा की और सुनिश्चित किया कि उन्हें तकनीकी और व्यावहारिक स्तर पर कोई समस्या न आए। दरअसल सिविल लाइन स्थित प्रतिष्ठित महाकौशल कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम का शनिवार को कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने संयुक्त रूप से प्रशिक्षण केंद्र का औचक निरीक्षण किया और चल रही तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने प्रशिक्षण ले रहे विभिन्न पदाधिकारियों और प्रगणकों से सीधा संवाद किया। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारियों ने बताया कि बैठक की व्यवस्था आरामदायक और व्यवस्थित है, प्रशिक्षण के लिए आवश्यक डिजिटल और भौतिक सामग्री सुलभ है, परिसर में स्वच्छता और अनुशासन का विशेष ध्यान रखा गया है। कलेक्टर एवं निगमायुक्त ने कहा कि सटीक डेटा ही बेहतर भविष्य की योजनाओं का आधार होता है। प्रशिक्षण की यह गंभीरता आगामी कार्य की सफलता सुनिश्चित करेगी। प्रशिक्षण स्थल पर नगर निगम द्वारा की गई चाक-चौबंद व्यवस्थाओं की प्रशिक्षुओं ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने स्वयं पेयजल, बैठक व्यवस्था और तकनीकी संसाधनों का अवलोकन किया।

### रानीताल तालाब एवं भँवरताल स्थित सांस्कृति भवन का भी निरीक्षण

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने रानीताल तालाब एवं भँवरताल स्थित सांस्कृति भवन का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ दुरूस्त रखने के निर्देश दिये और कार्यक्रम के दौरान मौके पर रहकर सभी तैयारियों का निगरानी रखने के भी निर्देश दिये। इस अवसर पर जिला एवं नगर निगम प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहे।